


# जर्जर मकानों को गिराने की कवायद प्रारंभ

- शहर में 86 मकानों को नपा ने किया खतरनाक घोषित
- तोड़ने में आने वाला खर्च नपा भवन स्वामी से वसूलेगी

नवभारत न्यूज

**सीहोर, 30 जून. बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही उन मकानों के ढहने की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं जो समय के साथ काफी पुराने व जर्जर हो गए हैं. नपा द्वारा दो सप्ताह पूर्व ऐसे 86 मकानों को चिन्हित कर इन्हें खतरनाक घोषित किया था और भवन स्वामियों को इन्हें तोड़ने के लिए नोटिस भी थमाए थे, लेकिन ज्यादातर ने नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया तो नपा ने सोमवार से खुद ऐसे जर्जर मकानों को तोड़ना शुरू कर दिया है.**

नगर में ऐसे मकानों की कमी नहीं है जो जर्जरावस्था में पहुंच गए हैं तथा इनकी उम्र पूरी हो चुकी है. हर बारिश में नपा द्वारा ऐसे मकानों की पहचान कर उनके स्वामियों को नोटिस थमाकर मकान तोड़ने को कहा जाता है, लेकिन ज्यादातर भवन स्वामी इन नोटिस को कोई तवज्जो नहीं देते हैं. कई बार राजनीतिक दखल के चलते भी इन मकानों को नहीं तोड़ा जाता है. नतीजतन जर्जर मकान ढहते हुए जनहानि का कारण बन जाते हैं. बीते वर्ष ही शहर की खजांची लाईन में एक जर्जर मकान तेज बारिश के चलते ढह गया था. जिसमें एक बुजुर्ग महिला की दबकर मौत हो गई थी. इस घटना के बाद प्रशासन इतनी तेजी से सक्रिय हुआ कि उसने जर्जर मकानों को तोड़ने के लिए किसी को मोहलत नहीं दी और उसी दिन पान चौराहे पर एक तथा कोतवाली चौराहे के भी एक जर्जर मकान को धराशायी कर दिया था. हालांकि इसके बाद नपा ने अपनी कार्रवाई को विराम दे दिया था. फिर बारिश को देखते हुए नपा का अमला सक्रिय हुआ और जर्जर मकानों को ढहाने की कवायद शुरू कर दी है.

### नपा द्वारा पूर्व के वर्षों में भी नोटिस दिए गए

सोमवार को नपा के अमले ने जिला उद्योग केन्द्र के सामने स्थित एक जर्जर मकान को जेसीबी की मदद से धराशायी कर दिया. बताया जाता है कि इस मकान को तोड़ने के लिए नपा द्वारा पूर्व के वर्षों में भी नोटिस दिए गए थे, लेकिन भवन स्वामी मकान को तोड़ने को राजी नहीं थे. हालांकि इस जर्जर मकान में कोई निवास नहीं करता था, लेकिन इसकी बाहरी दीवार गिरने की कगार पर पहुंच गई थी.

# फिर बेग़मगंज-सुल्तानगंज मार्ग बंद, 60 गांवों का संपर्क टूटा

## दो दिन से हो रही बारिश से पांडाझिर की अस्थाई पुलिया हुई जलमग्न

नवभारत न्यूज

**बेग़मगंज, 30 जून. दो दिन से हो रही मूसलाधार वर्षा के कारण बेगमगंज - सुल्तानगंज मार्ग पर पांडाझिर के पास दुधई नदी पर सड़क ठेकेदार द्वारा अस्थाई रूप से पाइप डालकर एक पुलिया का निर्माण किया गया था जो तेज बारिश के चलते 5 दिन पहले बह गई थी, जिसके कारण दो दिन तक मार्ग बंद रहा था और करीब 60 गांव के लोग इससे प्रभावित हुए थे. तब मौके पर पहुंचकर पूर्व मंत्री रामपाल सिंह एवं एसडीएम, तहसीलदार ने संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाते हुए दो दिन की मशक्कत के बाद रविवार की सुबह से चालू करा दिया था.**



सोमवार को फिर तेज वर्षा के कारण पुलिया जलमग्न हो गई . उसके ऊपर से करीब 6 फीट पानी बढ़ने से फिर से रास्ता बंद हो गया है. जिससे आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया और आसपास के करीब 10 गांवों का सड़क संपर्क टूट गया है. वैसे भी इस क्षेत्र के 60 गांव इससे प्रभावित होना बताया गया है.

सड़क ठेकेदार की लापरवाही के चलते लोगों को पिछले 2 साल से ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की सांठगांठ के चलते सही ढंग से काम नहीं हो पा रहा है. कभी पूर्व मंत्री रामपाल सिंह तो कभी विधायक देवेंद्र पटेल को मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप करना पड़ रहा है.

> पांडाझिर के समाजसेवी लक्ष्मी दुबे ने बताया कि पूर्व मंत्री रामपाल सिंह एवं जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर के प्रयासों से टूटी हुई पुलिया का जैसे - तैसे पुनः निर्माण कराकर आवागमन शुरू कराया था और फिर से लोग इससे मार्ग से आने जाने लगे थे, लेकिन आज तेज वर्षा होने से पुलिया के ऊपर पानी आने के कारण दोपहर से सड़क संपर्क टूट गया है . बेगमगंज एवं सुल्तानगंज से आने जाने वालों के लिए वीरपुर होकर चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है या फिर सिलवानी से होकर जाना पड़ रहा है.लगातार तेज वर्षा होने से पुलिया पर पानी बढ़ता जा रहा है.



# अवैध रेत परिवहन पर पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**गुना. जिले में अवैध गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, तस्करों और कारोबारियों के विरुद्ध पुलिस और प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्यवाहियां जारी हैं। इसी क्रम में बीनागंज क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन कर रहे एक डंपर पर खनिज विभाग और चांचौड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को सख्त कार्रवाई की।**

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर जिले भर में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और प्रभारी एसडीओपी चांचौड़ा महेन्द्र गौतम के पर्यवेक्षण में चांचौड़ा थाना पुलिस ने खनिज विभाग की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया।


# मुख्य बाजार में फैला अतिक्रमण

## अतिक्रमण अधिकारी बने मूकदर्शक, बाजार में पैदल चलना हो रहा है मुश्किल

नवभारत न्यूज

**बीना 30 जून. जहां समूचे प्रदेश में अतिक्रमण हटाने की मुहिम जोर शोर से चल रही है वहीं ग्राम मंडी बामोरा में अतिक्रमण हटाने के मामले में अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं. ग्राम के प्रमुख मार्गों में अतिक्रमण हर व्यक्ति के लिए समस्या बन गई है. यह स्थिति अधिकारियों के संज्ञान में भी है, लेकिन अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने अभी तक कोई रणनीति नहीं बनाई है.**

मिली जानकारी के अनुसार मेन बाजार में अतिक्रमण सुबह होते ही फैल जाता है. अतिक्रमणकारी राहगीरों के चलने वाली सड़क को भी कब्जा कर लेते है. मंडी बामोरा के मुख्य बाजार में अतिक्रमण कारियों का बोलबाला है. सड़क किनारे जगह-जगह बड़े दुकान एवं फुटपाथी दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है जिससे सड़क संकरी हो गई है. रात को चौड़ी दिखने वाली सड़क सुबह होते ही होते ही अतिक्रमण के चलते तंग हो जाती हैं.



> बाजार के अधिकतर दुकानदार अपनी दुकान की सीमा से बाहर भी सामान रखे रहते हैं, जिसका खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ता है. इससे सड़कों पर पैदल चलने वाले फुटपाथ पर पैर रखने की जगह नहीं बची होती है. मेन बाजार में कई दुकानदारों ने दुकानों के आगे अतिक्रमण किया हुआ है. जिस कारण बाजार संकीर्ण होता जा रहा है और अधिकारी बेबस नजर आ रहे हैं.



# जलभराव और सड़क समस्या का जायजा लिया

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा.** लगातार हो रही बारिश से अनेकों स्थानों पर जलभराव की समस्या और सड़क की गड्ढे से राहगीरों की परेशानी को देखते हुए, नगर परिषद ने जेसीबी की मदद से अस्थाई समाधान किया, समस्याओं का स्थाई हल जरूरी बताया। भारी बारिश के कारण नगर परिषद ने जलभराव और सड़क की स्थिति का जायजा लिया। सीएमओ शमशाद पठान, इंजीनियर आजाद जैन, अध्यक्ष अशोक माहौर और पार्षदों ने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर, जलभराव की स्थिति और सड़क को खराब स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेसीबी की मदद से पानी निकासी का अस्थाई इंतजाम किया।

## बारिश से हाईवे पर पहुंचा गौवंश

**कुरावर, 30 जून.** बारिश लगभग नियमित गति पकड़ चुकी है और ऐसे में ग्रामीण और शहरी अंचलों से गौवशं हाईवे पर शरण ले रहा है. लगातार बारिश होने से खेतों में बोनी होने के कारण गोवंश को रोड का सहारा लेना पड़ रहा है.

ग्राम माना के सुनील पटेल कुरावर से मुकेश शर्मा मोहन वर्मा ने बताया कि गोवंश रोड पर होने के कारण लगातार दुर्घटना आशंका बनी रहती है रोड पर अधिकांश वाहन चलाते पर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. हांलाकि बीते दिनों जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्र ने नरेगा कर्मियों को हाईवे पर गौवंश की निगरानी के निर्देश दिए है. लेकिन जल्द ही इन गौवंश को निर्धारित स्थलों पर पहुंचाकर सुरक्षित करना होगा.

# छलनी हुई सड़क पर थम जाती हैं सांसें

## अनेक गांवों तक पहुंचने वाले रास्ते पर गायब हुई सड़क



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा, 30 जून. आमजन को आवागमन में सुविधा के साथ सुगमता हो इस उद्देश्य से शासन द्वारा जहां लाखों, करोड़ों रुपये खर्च कर नगर, कस्बों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचने वाले मार्गो को सुगम बनाया जा रहा है वहीं दूसरी और क्षेत्र एवं जिले में दर्जनों गांव ऐसे है जहां पहुंचने वाली सड़क बदहाल स्थिति में होकर पूरी तरह छलनी हो चुकी है. बारिश में हालात भयावह है. छलनी हो चुकी सड़क पर से आवाजाही में राहगीरों की सांसे थम रही है.**

ऐसे ही हालात अंजनीलाल मंदिर के आगे वार्को सिटी के यहां से कई ग्रामीण क्षेत्रों में जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क के है. यहां से ग्राम मोतीपुरा, सिलपटी भाई, अतरालिया, बागौरी, बाजपुरा, खेरखेड़ी, भगवतीपुर, खांखरा, बोरदा होते ही सड़क मलावर की और जाती है. यह सड़क पूरी तरह गड्ढो में तब्दील होकर छलनी हो गई है.

## एक नजर में



### सेवानिवृत्ति पर नपा कर्मचारी को दी विदाई

**रहली.** नगर पालिका परिषद रहली में तृतीय श्रेणी कर्मचारी श्रीमती कमला खटीक की सेवानिवृत्ति पर नपा कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया. इस दौरान अध्यक्ष देवराज सोनी, सीएमओ धनंजय गुमास्ता, सब इंजीनियर श्री साहू एवं कर्मचारियों नेश्रीफल देकर विदा किया.

### जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर वापसी को लेकर प्रदर्शन

**बैतूल.** कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ नेता जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर के खिलाफ बैतूल में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आदिवासी कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित जीवन सत्याग्रह रैली में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और एफआईआर को निरस्त करने की मांग की। रैली में शामिल कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। रामू टेकाम ने कहा कि भाजपा कांग्रेस नेताओं पर झूठे मामले दर्ज कर रही है, ताकि विपक्ष की आवाज को दबाया जा सके।

### अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जतारा .** थाना पुलिस जतारा ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के पर अवैध देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने जतारा बायपास रोड पर दबिश देते हुए शिवराज उर्फ शिवा वाल्मीकि 19 वर्ष, निवासी ग्राम करमोरा, थाना जतारा को गिरफ्तार किया।




### नपाध्यक्ष ने मांझी समाज के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सीहोर.** हनुमान फाटक इलाई माता मंदिर परिसर में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर के मुख्य आतिथ्य और भाजपा नेता पंकज गुप्ता की उपस्थिति में मांझी समाज के विशिष्टजनों और प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को शाल, श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में संतोष रायकवार, विजय रायकवार, योगेश रायकवार, अशोक, अजय का सहयोग रहा.

### जल गंगा संवर्धन के समापन पर कार्यक्रम आयोजित

**अशोकनगर.** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में जल संरक्षण, जल स्रोतों के पुनर्जीवन और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिये 30 मार्च से 30 जून तक संचालित किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन हुआ। समापन के दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर के ऑडिटोरियम हॉल में किया गया। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं कन्या पूजन के साथ अतिथियों द्वारा किया गया।

### स्कूली बच्चे कीचड़ से होकर पहुंचते हैं स्कूल

**सिराली.** नगर परिषद सिराली एक ओर जहां विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर आदिवासी बहुल वार्ड क्रमांक 15 विक्रमपुर कलां की उपेक्षा कर रही है। यहां के कॉलोनीवासी, खासकर स्कूली बच्चों को हर रोज कीचड़ से होकर स्कूल जाना पड़ता है। बरसात में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, लेकिन नगर परिषद की नजरें अभी तक इस ओर नहीं गई हैं।

# 3 हजार लीटर कच्ची शराब कराई नष्ट

## सांची पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सांची. नगर से चार किमी दूर गुलगांव में सोमवार को अवैध शराब कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सांची थाना पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त रूप से छापेमारी की. इस कार्रवाई में एक मकान से लगभग 3 हजार लीटर कच्ची शराब बनाने का लहान बरामद कर उसे मौके पर ही नष्ट किया गया.**

कार्यवाही के दौरान शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण और सामग्री भी जब्त की गई. सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई पूर्व में मिली गोपनीय सूचना के आधार पर की गई.इससे दो दिन पहले भी सांची पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया था.



### छापेमारी कार्यवाही रहेगी जारी-थाना प्रभारी

थाना प्रभारी नितिन अहिरवार का कहना है कि हमारी प्राथमिकता है कि क्षेत्र में अवैध शराब के हर अड्डे को ध्वस्त किया जाए. आज की कार्रवाई में महत्वपूर्ण सफलता मिली है और आगे भी लगातार छापेमारी जारी रहेगी.

## छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल पर आवेदन अनिवार्य

**गुना.** जिले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थियों को एमपीटास्क पोर्टल पर आवेदन करने से पूर्व एक बार पंजीकरण कराना होगा। जिसकी विस्तृत जानकारी श्री बी. सिसोदिया, जिला संयोजक, अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग, गुना द्वारा प्रशिक्षण के माध्यम से दी गई तथा समस्त विभागीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बताया गया कि पोर्टल के माध्यम से (ओटीआर) वन टाइम रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त कर सकते हैं। जिसके पश्चात जिले का कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहेगा।

# सड़क हादसों में एक की मौत, दो गंभीर घायल

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़. ट्रैक्टर पलटने की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई। बुडेरा थाना क्षेत्र के रसोई गांव में पहली घटना हुई दूसरी घटना बड़ागांव थाना के पातर खेरा गांव की है। जिसमें दो लोग घायल हुए है। दूसरी घटना में एक की मौत होना बताया जा रहा है।**

पहली घटना में विनोद रैकवार और संतोष खेत की जुताई के लिए ट्रैक्टर में जा रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर पलट गया। ग्रामीणों ने दोनों को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला। घायल किसानों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुडेरा थाना प्रभारी अंकित दुबे के अनुसार दोनों के हाथ और पैर में चोटें आई हैं। दूसरी घटना बड़ागांव थाना क्षेत्र के पातर खेरा गांव में हुई। 35 वर्षीय किसान सुरेंद्र लोधी खेत में जुताई कर रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए।

डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी प्रभारी नोने सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बैठक** — छात्रवृत्ति के प्रकरणों का भी शत प्रतिशत निराकरण किया जाए

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जाए : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 30 जून. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रम और समसामयिक मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की।**

उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी विभागीय योजनाओं में प्रगति लाएं और शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सभी बीएमओ को बाल मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर और एनीमिया के वास्तविक डाटा को अद्यतन करने और इनमें कमी लाने के लिए व्यवस्थित कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। सभी नायब तहसीलदार और पटवारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में सभी उद्यानिकी फसलों की आगामी 2 दिनों में गिरदावरी पूर्ण कराएं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को शत प्रतिशत विद्यार्थियों का नामांकन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें प्रवेश दिलाएं। इसी प्रकार शिक्षा और जनजाति कार्य विभाग द्वारा छात्रवृत्ति के प्रकरणों का भी शत प्रतिशत निराकरण किया जाए। कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित न रहें।



> **भीमपुर ब्लाक की ग्रेवल सड़कों की जांच के निर्देश**
>
> कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने भीमपुर ब्लॉक में निर्मित ग्रेवल सड़क की शिकायत की जांच करने के निर्देश एसडीएम भैंसदेही को दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराएं। उन्होंने हिट एंड रन के लंबित प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा कर राजस्व अधिकारियों की प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।